अग्रपाल राजवैद्य जीवक



विपश्यना विशोधन विन्यास

विपश्यना एवं आयुर्वेद सम्भाषा-परिषद्
अक्तूबर १५ एवं १६, २००५ के अवसर पर प्रकाशित

अग्रपाल राजवैद्य जीवक



विपश्यना विशोधन विन्यास
इगतपुरी, महाराष्ट्र

H32- अग्रपाल राजवैद्य जीवक
© विपश्यना विशोधन विन्यास
सर्वाधिकार सुरक्षित

प्रथम संस्करण : २००५
पुनर्मुद्रण : २००९, २०१४

मूल्यः ₹. ३०.००

ISBN: 81-7414-275-4

प्रकाशक:
विपश्यना विशोधन विन्यास,
धम्मगिरि, इगतपुरी-४२२ ४०३.
जिला- नाशिक, महाराष्ट्र
फोनः ०२५५३-२४४०७६, २४४०८६, २४३७१२,
२४३२३८ फैक्सः ०२५५३-२४४१७६
E-mail : vri_admin@dhamma.net.in
info@giri.dhamma.org
Web site : www.vridhamma.org

मुद्रक
अपोलो प्रिंटीग प्रेस
२५९, सीकॉफ लीमीटेड.,६९ एम आय डी सी,
सातपुर, नाशिक- ४२२००७.

विषय-सूची

अग्रपाल राजवैद्य जीवक १
साकेत के नगरसेठ की भार्या ३
भगंदर का रोगी बिंबिसार ५
जीवक उपासक हुआ ६
मस्तिष्क पर शल्यक्रिया ६
अँतड़ी में गांठ ८
तथागत की चिकित्सा ९
अवंति नरेश का पांडुरोग १०
गृहस्थों द्वारा दिया गया चीवर का दान स्वीकार्य १२
आम्रवन विहार १३
उपासक के आचरण १३
चंक्रमण और जंताघर १४
प्रव्रज्या की अयोग्यता १४
चूलपंथक और महापंथक १६
तथागत के चोट की मरहम-पट्टी (व्रण-बंधन) २०
अजातशत्रु को भगवान के पास ले जाना २१
जीवक के छह गुण २३
अग्रपाल स्रोतापन्न २४
अग्र की उपाधि प्राप्त करने का आशीर्वचन २४

अग्रपाल राजवैद्य जीवक

भारत के जनपदों में गणिकाओं की परंपरा तो पुरानी रही होगी, परंतु राज्य द्वारा किसी को सर्वश्रेष्ठ सुंदरी घोषित कर जनपदकल्याणी के पद पर आसीन करना और राज्य की ओर से उसका एक रात का मूल्य निर्धारित किया जाना, यह लगता है २५०० वर्ष पूर्व के भारत की अपनी विशेषता थी। अनेक जनपदों में जनपदकल्याणी का पद जनपदों के लिए शोभनीय माना जाता था, गर्व का विषय माना जाता था।

राजगृह का निगमपति जब पहली बार पड़ोसी देश की वैभवशाली राजधानी वैशाली हो आया तो उसे वहां की दो बातों ने बहुत आकर्षित किया। एक तो वहां के ७,७७० राजाओं के ७,७७० राजमहल, उतने ही कोष्ठागार, उद्यान और पुष्करणियां। इन सब ने वैशाली के भौतिक वैभव को आसमान पर चढ़ा दिया था। दूसरी परम सुंदरी जनपदकल्याणी अंबपाली, जिसके कारण वैशाली अपने विलास वैभव के लिए प्रसिद्ध हो गयी थी।

विंबिसार ने जब यह सारा व्यौरा सुना तो उसे पहले क्षेत्र में प्रतिद्वंद्विता असंभव लगी, क्योंकि राजगृह में एकतंत्री शासन था। अतः एक ही राजा था। वह अपने लिए और अपने परिवार के लिए आखिर कितने महल बनवा सकता था? जब कि वैशाली जनतांत्रिक नगरी थी, वहां ७,७७० राजा थे। राज्य संपदा ७,७७० राजाओं में बँटी हुई थी। एक-एक का एक-एक निवास स्थान हो तो इतने सारे महल, इतने ही कोष्ठागार, उद्यान, पुष्करणियां होनी स्वाभाविक थीं। ऐसा राजगृह में होना असंभव था। परंतु जनपदकल्याणी स्थापित की जा सकती थी। इस क्षेत्र में वह वैशाली से प्रतिद्वंद्विता कर सकता था।

उसने निगमपति को आदेश दिया कि मगध की सर्वश्रेष्ठ सुंदरी कुमारी का चुनाव करे और नगर-वधू बना कर उसका मूल्य वैशाली से दुगुना निश्चित कर दे। यही किया गया। शालवती नाम की एक कुमारी को चुना गया जो अंबपाली जैसी ही अनिंद्य सुंदरी थी। उसे नृत्य, वाद्य, गायन में प्रवीण करके नगरवधू घोषित किया गया। वैशाली राज्य ने अंबपाली की

एक रात की कीमत पचास मुद्राएं निश्चित कर रखी थी। मगध नरेश ने शालवती की एक रात की कीमत एक सौ मुद्राएं निश्चित की।

धीरे-धीरे नगरवधू के रूप में शालवती की प्रसिद्धि फैलने लगी। कुछ समय पश्चात शालवती को गर्भ रह गया। वह चिंतित हुई। पुरुष लोग गर्भिणी से सहवास नहीं करना चाहते। अतः उसने अपनी द्वारपालिका को समझाया कि उसके लिए द्वार पर कोई आये तो कह दे कि शालवती बीमार है। यों बीमारी का बहाना बना कर उसने गर्भावस्था का समय बिताया। समय बीतने पर उसने एक पुत्र प्रजनन किया। अब उसे चिंता हुई कि संतान वाली नारी को भी पुरुष कम चाहते हैं। अतः हृदय को कठोर करके अपने पुत्र के परित्याग का निर्णय किया। उसने धाय को आदेश दिया कि नवजात शिशु को कचरे की टोकरी में रख कर बाहर गली के नुक्कड़ पर कूड़े के ढेर के पास रख आये। धाय ने ऐसा ही किया।

प्रातःकाल अभय राजकुमार महाराज बिंबिसार की सेवा में जाने के लिए उस ओर से निकला। उसने देखा, कूड़े के ढेर पर बहुत से कौवे मँडरा रहे हैं और किसी शिशु के रोने की आवाज आ रही है। उसने अपने सेवक को जांचने के लिए भेजा तो परित्यक्त बालक प्रकाश में आया। कौवों के आक्रमण के बावजूद भी वह जीवित है, यह देख कर अभय राजकुमार ने उसका नाम जीवक रखा और उसके यथोचित पालन-पोषण के लिए उसे अपने महलों में भेज दिया। उसने जीवक को बड़े प्यार से पाला। इसलिए कुमार का पौष्य पुत्र होने के कारण उसका एक नाम और पड़ा– कौमारभृत्य।

बड़ा होने पर जीवक ने जानना चाहा कि उसके माता-पिता कौन हैं। अभय ने कहा कि मैं तुम्हारा पिता हूं, परंतु माता कौन है, मैं नहीं जानता। एक मान्यता यह भी है कि वह शालवती की कोख से उत्पन्न हुआ अभय का ही पुत्र था। अभय जीवक को गणिका का पुत्र घोषित नहीं करना चाहता था। अतः उसने मां का नाम छिपाया। अथवा यह भी हो सकता है कि अभय को उसकी माता कौन है, इसका ज्ञान सचमुच न रहा हो। जो भी हो, वह अभय राजकुमार का वास्तविक पुत्र न भी हो, उसका पौष्य पुत्र तो था ही। अतः महाराज बिंबिसार का भी पौष्य पौत्र हुआ।

जीवक बड़ा हुआ तो उसने देखा कि राजा के संपर्क में जो लोग हैं, वे किसी न किसी विद्या में निपुण हैं। गुणहीन व्यक्ति की वहां कोई कदर नहीं है। अतः उसने कोई विद्या सीखने का निर्णय किया। उन दिनों तक्षशिला का

विश्वविद्यालय बहुत प्रसिद्ध था। वहां अनेक प्रकार की विद्याएं सिखायी जाती थीं। अतः वह अभय राजकुमार को बिना कुछ कहे तक्षशिला की ओर चल पड़ा। वहां पहुँच कर वह चिकित्सा विद्या के दिशा-प्रमुख आचार्य से मिला। आचार्य ने देखा कि युवक मेधावी है। उसे चिकित्सा-शास्त्र सीखने की अनुमति मिल गयी।

जीवक मेधावी भी था और परिश्रमी भी। सात वर्ष तक निष्ठापूर्वक चिकित्सा-शास्त्र की विद्या पढ़ता रहा और साथ-साथ उसका व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त करता रहा। सात वर्ष पश्चात वह अधीर हो उठा। उसने आचार्य से कहा कि इस विद्या का तो अंत ही नहीं दीख रहा है। आचार्य ने उसकी योग्यता जांचने के लिए कहा कि वह फावड़ा लेकर आस-पास की एक योजन भूमि की जांच कर आये और जहां कोई अभैषज याने बिना औषधि के गुण वाला पौधा मिले, उसे उखाड़ लाये। जीवक चल दिया, उसने बतायी हुई सीमा की धरती जांच कर देखी। वह खाली हाथ लौट आया और बोला कि उसे बिना औषधि का एक भी पौधा नहीं मिला। सभी पेड़ पौधों में किसी न किसी औषधि के गुण विद्यमान हैं। आचार्य इस उत्तर से बहुत प्रसन्न हुआ। यह जीवक की परीक्षा थी। वह इस परीक्षा में सफल हुआ। शिष्य की परिपक्व योग्यता देख कर आचार्य संतुष्ट हुआ। उसने कहा – अब तुम्हारी शिक्षा पूरी हुई। घर लौट सकते हो। जो सीखा है उससे अपनी जीविका बखूबी चला सकते हो। आचार्य जानता था, जीवक के पास गुरु-दक्षिणा देने के लिए कुछ नहीं है। अतः उसने प्रसन्न होकर अपने योग्य शिष्य से कोई दक्षिणा न मांग कर, उल्टे उसके पथ के लिए थोड़ा-सा पाथेय दिया और उसे विदा किया।

साकेत के नगरसेठ की भार्या

जीवक तक्षशिला से मगध की ओर चल पड़ा, परंतु पाथेय बहुत अल्प था। साकेत पहुँचते-पहुँचते समाप्त हो गया। अभी बहुत लंबा रास्ता बाकी था। अतः उसने निर्णय किया कि वहीं कुछ दिन रुक कर किसी रोगी की चिकित्सा करूं और राह-खर्च लायक कुछ धन कमा लूं। नगर में रोगी की खोज में निकला तो पता चला कि साकेत के नगरसेठ की भार्या सिर-दर्द के रोग से पीड़ित है। अनेक वैद्यों ने उसकी चिकित्सा की पर कोई सफल न हुआ। जीवक नगरसेठ के द्वार पर गया। उसने द्वारपाल को अपना परिचय दिया और सेठानी की चिकित्सा करने की उत्सुकता दिखायी। द्वारपाल ने

भीतर जाकर सेठानी को यह सूचना दी। परंतु द्वारपाल से पूछने पर जब सेठानी ने यह जाना कि आगंतुक वैद्य युवा है तो वह अन्यमनस्क हुई। उसने कहा, सात वर्ष पुराना रोग है। अनेक अनुभवी और वयोवृद्ध वैद्य बहुत-सा धन मेहनताने के रूप में लेकर चले गये, पर इलाज करने में कोई सफल नहीं हुआ। यह युवा, अनुभवहीन व्यक्ति क्या चिकित्सा करेगा? व्यर्थ धन क्यों बरबाद करें?

द्वारपाल ने जब यही बात जीवक को आ सुनायी तब जीवक ने कहा, मुझे कोई अग्रिम पारिश्रमिक न दें। जब ठीक हो जाएं तो ही पारिश्रमिक दें और वह भी जितना चाहें उतना ही दें।

यह सुन कर सेठानी ने जीवक को भीतर बुला लिया। जीवक ने रोग की जांच की और चिकित्सा के लिए पसर भर घी मांगा। उसे घी मिला। उसने घी में कुछ एक औषधियां मिला कर उसे पकाया और सेठानी को चित्त लेटा कर उसके नथुनों में डाल दिया। नाक में डाला गया घी मुंह के रास्ते से निकल आया। सेठानी ने उसे पीकदान में थूका और दासी को हुक्म दिया कि उसे किसी बर्तन में रख ले, काम आयेगा।

जीवक यह देख कर बहुत उदास हुआ। जो सेठानी इस गंदे घी को फिंकवाती नहीं बल्कि बर्तन में रखवाती है, वह कितनी कृपण है। ठीक होने पर मुझे क्या मेहनताना देगी? इस घी में मेरी जितनी कीमती औषधियां पड़ी हैं, उतना पारिश्रमिक पाना भी कठिन दीखता है। सेठानी जीवक के मन के भाव ताड़ गयी। उसने जीवक को समझाया कि वह एक श्रेष्ठि-भार्या है, कुशल गृहिणी है। किफायतगिरी और संयम उसमें कूट-कूट कर भरा होना स्वाभाविक है। किसी भी काम की वस्तु को फेंक नहीं देना चाहिए। यह गंदा घी खाने के काम नहीं आयेगा परंतु दास-दासियों के पैर मलने के काम आ सकता है, दीपक जलाने के काम आ सकता है। इसीलिए बर्तन में रखवाया है। तुम चिंता न करो, यदि मैं निरोग हो गयी तो तुम्हारे पारिश्रमिक में कमी नहीं आयेगी।

और वह निरोग हो गयी। सात वर्ष का पुराना रोग जीवक के एक ही बार के उपचार से दूर हो गया। सेठानी बड़ी प्रसन्न हुई। उसने जीवक को चार हजार मुद्राएं दी। मां को रोग-मुक्त देख कर पुत्र बहुत प्रसन्न हुआ। उसने अपनी ओर से जीवक को चार हजार मुद्राएं दी। सास को स्वस्थ हुआ देख कर बहू बहुत प्रसन्न हुई। उसने अपनी ओर से जीवक को चार हजार मुद्राएं भेंट दी। पत्नी को स्वस्थ-प्रसन्न देख कर श्रेष्ठि आह्लादित हुआ। उसने

जीवक को चार हजार मुद्राएं ही नहीं दी, एक दास और एक दासी भी दी और यात्रा के लिए अश्व-जुड़ा एक रथ भी प्रदान किया।

इतना सारा धन लेकर जीवक राजगृह लौटा। अपनी शिक्षा की पहली कमाई पिता अभयकुमार को समर्पित करके उसे नमस्कार किया। अभय राजकुमार उसे वापिस आया देख कर अत्यंत प्रसन्न हुआ और उसकी प्रथम कमाई उसी को लौटाते हुए बोला – मेरे महल के अहाते में ही घर बना कर रहो। जीवक वहीं घर बनवा कर रहने लगा। उस कमाई का कुछ हिस्सा तक्षशिला में अपने आचार्य को भिजवा दिया।

भगंदर का रोगी बिंबिसार

उन दिनों महाराज बिंबिसार को भगंदर का रोग था। धोतियां खून से सन जाती थीं। अंतःपुर की मुँहलगी रानियां उपहास करतीं, इस समय महाराज को ऋतुकाल आया है, महाराज रजस्वला हुए हैं। अब महाराज को फूल उत्पन्न हुआ है, जल्द ही महाराज प्रसव करेंगे, आदि-आदि।

महाराज बिंबिसार बड़ा लज्जित होता। पर क्या करता? लाचार था। उसने अभय राजकुमार से कहा कि कोई अच्छा वैद्य ढूंढ कर लाए जो उसका उपचार कर सके। अभय राजकुमार ने तरुण जीवक की चिकित्सा कराने का सुझाव दिया। महाराज ने स्वीकृति दी। जीवक ने चिकित्सा की। एक ही लेप द्वारा भगंदर का पुराना रोग ठीक हो गया।

महाराज ने प्रसन्न हो पांच सौ नारियों को नख-शिख तक अलंकृत कर, वे सारे आभूषण-अलंकार उतरवा, जीवक को पुरस्कारस्वरूप दे दिये।

जीवक ने कहा – आप मेरे उपकार को स्मरण करें, यही मेरे लिए पर्याप्त है।

इस पर महाराज बिंबिसार ने जीवक से कहा – आज से तुम मेरी और मेरे रनिवास की तथा भगवान बुद्ध और उनके भिक्षुसंघ की सेवा-चिकित्सा करो। मगधराज के इस प्रस्ताव को जीवक ने नतमस्तक हो प्रसन्न चित्त से स्वीकार किया। राजघराने का उपचारक होने के कारण राजवैद्य के रूप में उसकी प्रसिद्धि हुई। भगवान का उपचारक होने के कारण उसका भाग्योदय हुआ। वह धर्म के संपर्क में आया। मुक्तिपथ के संपर्क में आया।

जीवक उपासक हुआ

भगवान के संपर्क में आने पर एक दिन उसने भगवान से किये गये प्रश्न का समुचित उत्तर पा कर अत्यंत संतुष्ट-प्रसन्न हुआ और भावविभोर होकर बोला – मैं भगवान की शरण ग्रहण करता हूं, धर्म तथा भिक्षुसंघ की भी शरण ग्रहण करता हूं। भगवान आज से मुझे अंजलिबद्ध शरणागत उपासक के रूप में स्वीकार करें। वह भगवान का निजी उपचारक ही नहीं, अत्यंत श्रद्धालु उपासक शिष्य भी हुआ।

स्रोतापन्न जीवक, राजवैद्य जीवक, महाभिषक (महावैद्य) और महासल्लकत्ता (शल्यकर्ता, सर्जन) भगवान के संसर्ग में आते ही समझ गया कि मैं तो केवल शारीरिक रोगों की चिकित्सा करके और जहां आवश्यक हो वहां शल्यक्रिया करके रोगी को शारीरिक रोग से मुक्त करता हूं, परंतु भगवान तो जन्म-जन्मांतरों के दुखियारे लोगों के मनोविकारों को दूर करने की और विकार-ग्रंथियों को काट फेंकने की अनमोल विद्या सिखा कर भवरोग से नितांत मुक्त करते हैं। भगवान का शिष्य हो कर उसने भगवान की धर्म-औषधि का स्वयं सेवन किया।

उसने अपने भीतर संचित भवसंस्कारों की विदर्शना करते-करते उनमें से अधोगति की ओर ले जाने वाले सभी कर्म-संस्कारों से मुक्ति पा ली। परिणामतः अनित्य धर्मा शरीर और चित्त के परे नित्य धर्मा शाश्वत ध्रुव अमृत अवस्था का साक्षात्कार कर स्रोतापत्ति फल प्राप्त कर लिया और आर्य हो गया।

मस्तिष्क पर शल्यक्रिया

उस समय राजगृह के श्रेष्ठि को भी पुराना सिर-दर्द था। उसने सभी विख्यात वैद्यों से चिकित्सा करवायी, पर्याप्त हिरण्य मुद्राएं व्यय कीं परंतु कोई भी वैद्य उसका रोग दूर नहीं कर सका। सभी वैद्यों ने हाथ ऊपर उठा दिया, जवाब दे दिया और उसकी शीघ्र मृत्यु होने की घोषणा कर दी।

कुछ ने कहा कि पांचवें दिन श्रेष्ठि गृहपति मर जायगा, दूसरों ने कहा सातवें दिन। राजगृह के नैगम के मन में आया कि यह श्रेष्ठि गृहपति राजा और निगम का भी बहुत काम करने वाला है। इसकी मृत्यु से अपूरणीय क्षति हो जायगी, अतः इसका रोग किसी तरह भी दूर होना चाहिए। राजा की सेवा में नियुक्त तरुण राजवैद्य जीवक इस काम के लिए उपयुक्त व्यक्ति है। क्यों न हम इसकी चिकित्सा हेतु जीवक के लिए राजा बिंबिसार

की अनुज्ञा प्राप्त करें। नैगम ने राजा के पास जाकर अनुरोध किया कि यह श्रेष्ठि गृहपति देव का और निगम का भी बहुत काम करने वाला है, रोगग्रस्त है और सभी वैद्यों ने उसे जवाब दे दिया है। आप जीवक को उसकी चिकित्सा के लिए अनुज्ञा देने की कृपा करें। राजा ने जीवक को श्रेष्ठि की चिकित्सा का आदेश दिया।

जीवक राजा की आज्ञानुसार श्रेष्ठि गृहपति के पास पहुँचा, उसके रोग को देखा-परखा और उससे बोला कि गृहपति यदि मैं तुम्हें रोग मुक्त कर दूं तो तुम मुझे पुरस्कार में क्या दोगे? गृहपति ने उत्तर दिया, आचार्य मेरा सारा धन तुम्हारा है, मैं तुम्हारा दास हूं। जीवक ने चिकित्सा आरंभ करने से पहले उसके सामने यह बात रखी कि तुम्हें अपनी चारपाई पर सात महीने तक एक ही करवट में लेटना पड़ेगा, दूसरे सात महीने दूसरी करवट में और तीसरे सात महीने पीठ के बल उतान लेटना पड़ेगा। गृहपति ने जीवक की शर्त मंजूर कर ली। जीवक ने उसका उपचार आरंभ किया।

उसने श्रेष्ठि को चारपाई पर लिटाकर उसे चारपाई से बांध दिया और शल्यक्रिया करके उसकी खोपड़ी खोल दी, उसने खोपड़ी से दो जंतु निकालकर लोगों को दिखाए और कहा कि देखो ये दो जंतु हैं, एक बड़ा और दूसरा छोटा। जिन आचार्यों ने यह कहा कि श्रेष्ठि पांचवें दिन मर जायगा, उन्होंने इस बड़े जंतु को देखा था जो पांच दिन के अंदर इस श्रेष्ठि के सिर की गुद्दी चाट लेता और गुद्दी के चाट लेने पर गृहपति नहीं बचता। उन्होंने ठीक ही कहा था। जो आचार्य यह कहते थे कि श्रेष्ठि सातवें दिन मरेगा, उन्होंने इस छोटे कीड़े को देखा था जो सात दिन में गुद्दी चाट लेता और गुद्दी चाट लेने पर गृहपति नहीं बचता। उन्होंने भी ठीक ही कहा था। जीवक ने उन कीड़ों को निकाल, खोपड़ी जोड़ दी और ऊपर से चमड़ी को सीकर उस पर लेप लगा दिया।

एक सप्ताह बीतने पर श्रेष्ठि गृहपति ने जीवक से कहा कि वह सात महीने एक ही करवट में नहीं लेट सकता। जीवक ने उसे सात महीने तक एक ही करवट में लेटने की शर्त स्वीकार करने की याद दिलाई। परंतु श्रेष्ठि बोला कि मैंने लेटने का वचन दिया था, ठीक है, परंतु मेरे लिए यह संभव नहीं। मैं लेट नहीं सकता, भले ही मैं मर जाऊं। जीवक ने उसे दूसरी करवट सात महीने लेटने के लिए कहा। एक सप्ताह बाद श्रेष्ठि ने फिर वही परेशानी बतायी और सात महीने लेटने से इनकार कर दिया। जीवक ने कहा तो फिर सात महीने उतान लेटो। सप्ताह बाद श्रेष्ठि ने फिर मना कर दिया। जीवक ने

उसे फिर उसके लेटने के वचन की याद दिलाई तो उसने प्रत्युत्तर दिया कि मैं मर सकता हूं, सात महीने लेट नहीं सकता। जीवक ने उसे आश्वस्त करते हुए उससे कहा कि अब आपको लेटने की आवश्यकता नहीं है। यदि मैंने आपसे सात महीने लेटने का वचन नहीं लिया होता तो आप इतना भी नहीं लेटते। उठो, अब आप निरोग हो गये।

तीन सप्ताह में श्रेष्ठि पूर्णतया रोगमुक्त हो गया। जब जीवक ने उसे अपने पुरस्कार की याद दिलायी तो श्रेष्ठि ने फिर दुहराया कि आचार्य मेरा सारा धन आपका और मैं आपका दास। जीवक ने प्रत्युत्तर में कहा कि नहीं गृहपति आप अपनी सम्पत्ति के स्वामी, आपका धन न तो मेरा और न आप मेरे दास। मैं राज्यवैद्य हूं इसलिए बस इतना कीजिए कि राजा को सौ हजार मुद्राएं दे दीजिए और मुझे भी सौ हजार दे दीजिए। श्रेष्ठि ने प्रसन्न चित्त से सौ हजार मुद्राएं राजा को और सौ हजार जीवक को दे दी।

अँतड़ी में गांठ

वाराणसी का श्रेष्ठि अपने पुत्र की अस्वस्थता से बहुत संत्रस्त था। उसके पुत्र को मक्खचिका (सिर के बल घुमरी काटना) खेलते हुए अँतड़ी में गांठ पड़ जाने का रोग था। इस रोग के कारण उसे (यवागू) खिचड़ी, भात आदि कुछ भी खाया हुआ पचता नहीं था। पेशाब, पाखाना भी उसे ठीक से नहीं होता था। वह कृश, रुक्ष, दुर्वर्ण, पीला और कंकालमात्र रह गया था। पिता ने चिंताग्रस्त हो सोचा मेरे पुत्र को ऐसा रोग हो गया, जिससे कुछ भी नहीं पचता है। क्यों न मैं राजगृह जाकर राजा बिंबिसार से मेरे पुत्र की चिकित्सा के लिए राजवैद्य जीवक की मांग करू।

वह राजगृह जाकर मगधराज बिंबिसार से मिला और अपने पुत्र के असाध्य रोग का विवरण देते हुए उनसे जीवक को पुत्र का उपचार करने का आदेश देने का निवेदन किया। राजा ने जीवक को वाराणसी जाकर श्रेष्ठि पुत्र के उपचार का आदेश दिया। वह वाराणसी जाकर श्रेष्ठि पुत्र से मिला और उसकी बीमारी को देखा समझा। उसने घर में से लोगों की भीड़ को हटाया, कनात घिरवाया और उसे खंभे में बँधवाया। उसने उसकी भार्या को सामने कर, शल्य क्रिया द्वारा उसके पेट को चीर कर अँतड़ी की गांठ को बाहर निकाला। उसने उसे उसकी भार्या को दिखाते हुए बताया कि देखो अपने स्वामी के इस रोग को, इस गांठ के कारण ही कुछ खाया-पीया उसे पचता नहीं था। जीवक ने उसकी गांठ को सुलझा कर उसकी अँतड़ियों को

भीतर डाला और चमड़े को सीकर उसके ऊपर लेप लगा दिया।

वाराणसी का श्रेष्ठि पुत्र कुछ दिनों में ही रोगमुक्त हो गया। श्रेष्ठि ने कौमारभृत्य जीवक को सोलह हजार मुद्राओं से पुरस्कृत किया। जीवक राजगृह लौट आया।

तथागत की चिकित्सा

एक समय भगवान का शरीर विकारग्रस्त था। उन्होंने आनन्द को सूचित किया कि तथागत का शरीर विकारग्रस्त है। तथागत को विरेचन (जुलाब) की आवश्यकता है। आनन्द ने जीवक के पास जाकर उसे तथागत के शरीर की विकारग्रस्तता और विरेचन की आवश्यकता का विवरण दिया। जीवक ने आनन्द को तथागत के शरीर को कुछ दिनों के लिए स्निग्ध करने का परामर्श दिया। तथागत का शरीर स्निग्ध हो जाने के पश्चात जीवक ने सोचा कि मेरे लिए यह उचित नहीं है कि भगवान को साधारण विरेचन दूं। उसने तीन उत्पल हस्त को नाना औषधियों से भावित कर एक उत्पल हस्त भगवान को देकर उनसे निवेदन किया कि भगवान पहले इस उत्पल हस्त को सूंघे, यह भगवान को दस बार जुलाब लगाएगा। तत्पश्चात इस दूसरे उत्पल हस्त को सूंघे, यह भी दस बार जुलाब लगाएगा। अंत में तीसरे उत्पल को भी सूंघने पर दस बार जुलाब आएगा। इस प्रकार भगवान को कुल तीस जुलाब होंगे। भगवान को तीस जुलाब की औषधि देकर जीवक ने भगवान का अभिवादन किया और प्रदक्षिणा कर वहां से प्रस्थान किया। मुख्य द्वार से बाहर निकलने पर जीवक ने सोचा कि मैंने भगवान को तीस जुलाब की औषधि दी है। भगवान दोषग्रस्त हैं। उन्हें तीस नहीं, उनतीस जुलाब होंगे। जब भगवान जुलाब हो जाने पर नहायेंगे तो उन्हें एक जुलाब फिर होगा।

भगवान ने जीवक के चित्त के वितर्क को जान लिया। उन्होंने आनन्द से स्नान हेतु गर्म जल तैयार करवाया। इसी समय जीवक पुनः लौट आया और भगवान के पास जाकर अनुरोध किया कि भगवान स्नान करें। भगवान ने गर्म जल से स्नान किया। भगवान को एक और तीसवां विरेचन हुआ। तीस विरेचन पूरे हो जाने पर जीवक ने भगवान से निवेदन किया कि भगवान का शरीर जब तक पूर्ण स्वस्थ नहीं हो जाता है, मैं आपको जूस पिंडपात देता रहूंगा। थोड़े ही समय में भगवान का शरीर दोषमुक्त हो गया।

अवंति नरेश का पांडुरोग

उस समय अवंतिनरेश चंड प्रद्योत को पांडुरोग की बीमारी थी। उसने सभी प्रसिद्ध वैद्यों से अपना उपचार कराया लेकिन उसकी बीमारी ठीक नहीं हुई। उसकी बीमारी में पर्याप्त धन भी व्यय हुआ परंतु सब बेकार। अंततोगत्वा उसने मगधनरेश बिंबिसार के पास अपना दूत भेज कर उनसे निवेदन किया कि वे अपने उपचारक जीवक कौमारभृत्य को उसके उपचार हेतु उज्जयनी (उज्जैन) भेजने का आदेश दें। बिंबिसार ने जीवक को उज्जयनी (उज्जैन) जाकर प्रद्योत की चिकित्सा करने की आज्ञा दी।

जीवक उज्जयनी (उज्जैन) पहुँच कर राजा प्रद्योत से मिला और उसकी बीमारी को देखा परखा। सब कुछ समझ कर उसने प्रद्योत से निवेदन किया कि देव मैं घी में दवा पका कर दूंगा और आप उस घी का सेवन करें। राजा प्रद्योत ने बताया कि उसे घी से घृणा है, घी को छोड़ कर तुम मेरी चिकित्सा के लिए कोई भी दवा दो, मैं उसका सेवन करूंगा। जीवक जानता था कि घी ही उसके रोग का एकमात्र उपचार है। घी के बिना वह रोगमुक्त नहीं हो सकता। अतः उसने निश्चय किया कि घी को कषाय वर्ण, कषाय गंध और कषाय रस में पकाऊंगा, जिससे प्रद्योत को घी का पता न चले। परंतु घी सेवन के पश्चात पाचन प्रक्रिया में प्रद्योत को उबांत का अनुभव होगा। प्रद्योत बहुत चंड है। घी के कारण वह मुझे मरवा न डाले। अतः अपनी रक्षा का उपाय क्यों न मैं पहले ही कर लूं।

जीवक ने राजा प्रद्योत के पास जाकर अनुरोध किया कि देव हम वैद्य हैं। हम विशेष-विशेष मुहूर्त में औषधियों को ढूंढ़ते हैं। उन्हें खोदते हैं और संग्रह करते हैं। अच्छा हो कि देव अपनी वाहनशालाओं और नगरद्वारों पर आज्ञा दे दें कि जीवक जिस वाहन से चाहे उस वाहन से बाहर जाए, जिस द्वार से चाहे उस द्वार से जाए, जिस समय चाहे, उस समय जाए और जिस समय चाहे, उस समय अंदर आए। प्रद्योत ने सभी वाहनशालाओं और नगरद्वारों के द्वारपालों को यथानुकूल आज्ञा दे दी।

राजा प्रद्योत के पास 'भद्रवतिका' नामक एक हथिनी थी जो एक दिन में पचास योजन चलने वाली थी। जीवक प्रद्योत के पास औषधियों में पका हुआ घी ले गया और राजा से बोला, देव, कषाय पीयें। जीवक राजा को घी पिला कर हस्तिशाला में गया और भद्रवतिका हथिनी पर सवार होकर नगर से बाहर निकल गया। राजा को घी पीने से उबांत हो गया। उसने अपने

आदमियों को बताया कि दुष्ट जीवक ने मुझे घी पिला दिया है, उसे पकड़ लाओ। सेवकों ने बताया कि जीवक भद्रवतिका पर सवार होकर नगर से बाहर चला गया है।

राजा ने अपने दास काक को जो एक दिन में साठ योजन चलने वाला था, जीवक को वापस लाने का आदेश देते हुए चेतावनी दी कि वैद्य लोग बड़े मायावी होते हैं, उसके हाथ का कुछ भी मत खा लेना। काक ने जीवक को राजगृह के मार्ग कौशांबी में कलेवा करते देखा। उसने जीवक से कहा कि मुझे प्रद्योत राजा ने तुम्हें उज्जयनी (उज्जैन) वापस लौटाने के लिए भेजा है। जीवक ने प्रत्युत्तर दिया कि मेरा कलेवा समाप्त हो जाने दो और लो तुम भी कलेवा कर लो। उस समय जीवक नख से दवा लगा आंवला खाकर पानी पी रहा था। उसने काक से भी आंवला खाकर पानी पीने का आग्रह किया। काक ने सोचा कि आंवला खाकर पानी पीने में कोई अनिष्ट नहीं दिखायी देता है। उसने आधा आंवला खाया और पानी पीया। उसे तुरंत वमन हो गया और आंवला बाहर निकल आया। काक बहुत भयभीत हुआ और उसने जीवक से पूछा कि वह बचेगा अथवा नहीं। जीवक ने उसे आश्वासन दिया कि काक डर नहीं, तू भी निरोग होगा और तेरा राजा भी। जीवक ने भद्रवतिका हथिनी काक को सौंप दी। काक उज्जैन लौट गया और जीवक राजगृह।

राजगृह में पहुँच कर जीवक ने मगधराज बिंबिसार को सारा विवरण कह सुनाया। बिंबिसार बोला कि अच्छा हुआ तुम उज्जयनी (उज्जैन) नहीं लौटे। राजा चंड है तुझे मरवा डालता। उधर राजा प्रद्योत रोग मुक्त हो गया। उसने जीवक के पास संदेश भेजा कि जीवक आए, मैं उसे पुरस्कृत करूंगा। जीवक ने प्रत्युत्तर में संदेश भिजवाया कि देव मेरा उपकार स्मरण रखें, मेरे लिए इतना ही पर्याप्त है।

उस समय अवंतिनरेश प्रद्योत को सौ हजार जोड़े दुशालों के साथ शिवि देश के एक अग्र उत्तमकोटि के दुशाले का जोड़ा प्राप्त हुआ था। राजा प्रद्योत ने उस शिवी-दुशाले के जोड़े को जीवक के लिए भेज दिया। जीवक के मन में आया कि राजा प्रद्योत द्वारा भेजे गए इस अग्र शिवी-दुशाले का अधिकारी पात्र भगवान अरहंत सम्यक संबुद्ध अथवा मगधनरेश बिंबिसार के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं हो सकता।

गृहस्थों द्वारा दिया गया चीवर का दान स्वीकार्य

जीवक शिवी-दुशाले के साथ भगवान बुद्ध के पास पहुँचा और उनसे एक वर प्राप्त करने का आग्रह करने लगा। भगवान ने जीवक को प्रत्युत्तर दिया कि तथागत तो वर से परे हैं। जीवक ने अपना आग्रह दुहराते हुए फिर निवेदन किया कि यदि मेरा वर निर्दोष एवं निष्कलंक हो तो! भगवान ने आश्वस्त होकर उत्तर दिया कि फिर मांगो अपना वर। जीवक ने भगवान से अनुरोध किया कि भगवान पांशुकूलिक (लत्ताधारी) हैं, तथा भगवान के साथ उनका भिक्षु संघ भी लत्ताधारी है। अवंतिनरेश प्रद्योत ने मुझे शिवि देश के दुशाले के जोड़े को पुरस्कार रूप में भेजा है। भगवान दुशाले के इस जोड़े को स्वीकार करने का अनुग्रह करें और भिक्षुसंघ को भी गृहस्थों द्वारा प्रदत्त चीवर को ग्रहण करने की अनुमति दें। भगवान ने शिवी-दुशाले को स्वीकार कर भिक्षुओं को आमंत्रित किया और उन्हें गृहपतियों के दिये चीवर के उपयोग की अनुज्ञा दे दी। उन्होंने भिक्षुओं से कहा कि जो भिक्षु पांशुकूलिक रहना चाहे वह पांशुकूलिक रहे, जो गृहपति का दिया चीवर धारण करना चाहे, वह गृहपति चीवर धारण करे। मैं दोनों के प्रयोग की अनुमति देता हूं।

राजगृह के लोगों ने सुना कि भगवान ने भिक्षुओं को गृहस्थ के दिये चीवर के प्रयोग की अनुमति दे दी है। यह जानकर लोग बहुत उल्लसित तथा उत्साहित हुए कि अब हम भिक्षुओं को दान देने का पुण्य अर्जित कर सकेंगे। राजगृह में एक ही दिन में अनेक सहस्र चीवर एकत्र हो गये। इसी प्रकार नगर के बाहर के जनपद प्रदेश के लोगों में भी चीवर दान की प्रेरणा जाग्रत हुई और गृहस्थ प्रदत्त चीवरों की प्रभूत राशि एकत्र हो गयी। उस समय भिक्षु संघ को कौशेय प्रावारक (उत्तरीय ओढ़नी) तथा कोजव (लंबे बालों वाला कंबल) का दान मिला था। काशीनरेश ने जीवक कौमारभृत्य को अपनी ओर से पांच सौ क्षौम (अलसी की छाल का बना हुआ कपड़ा) मिश्रित कपड़ा भेजा था। जीवक भगवान के पास पहुँचा और उन पांच सौ कंबलों को उनके चरणों में अर्पित करते हुए उनसे आग्रह किया कि मुझे काशीनरेश ने पांच सौ क्षौम मिश्रित ये कंबल भेजे हैं, भगवान इन कंबलों को ग्रहण करें जो चिरकाल तक मेरे सुख का कारण होगा। भगवान ने उन कंबलों को स्वीकार कर जीवक को अपनी धर्मदेशना द्वारा संतृप्त तथा संप्रहर्षित किया। उन्होंने भिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्हें छह प्रकार के

चीवरों के प्रयोग की अनुज्ञा दी – कौषेय, क्षौम, कार्पासिक, सान, कंबल तथा भंग चीवर।

आम्रवन विहार

एक बार जीवक के मन में यह आया कि मुझे दिन में दो-तीन बार भगवान की सेवा में जाना पड़ता है। मगधनरेश विंबिसार द्वारा प्रदत्त वेणुवन विहार अति दूर है। मेरा आम्रवन समीपतर है, क्यों न मैं अपने आम्रवन में भगवान के लिए विहार बनवाऊं। उसने आम्रवन में रात्रि-स्थान, दिवस-स्थान, गृह, कुटी, मंडप आदि तैयार करवा, भगवान के लिए अनुकूल गंधकुटी बनवा दी। उस आम्रवन विहार को ताम्रवर्ण के प्राकार से घिरवा कर, चीवर तथा भोजन दान के साथ, उसे बुद्धप्रमुख भिक्षुसंघ को अर्पित कर दिया। यह आम्रवन राजगृह नगर के प्राकार तथा गृध्रकूट के बीच में स्थित था।

उपासक के आचरण

एक समय भगवान राजगृह में जीवक के आम्रवन में विहार कर रहे थे। जीवक कौमारभृत्य उनके पास गया, उनका अभिवादन किया और एक ओर बैठ कर उनसे पूछा –

"भन्ते! क्या होने से उपासक होता है?

"जब व्यक्ति बुद्ध, धर्म तथा संघ की शरण ग्रहण कर लेता है तब वह उपासक कहलाता है।"

"भन्ते! क्या होने से उपासक शीलवान होता है?"

"जब उपासक प्राणिहत्या, अस्तेय, अब्रह्मचर्य, मिथ्यावाद तथा सुरामेरय आदि नशीले पदार्थों से विरत होता है तब वह उपासक शीलवान कहलाता है।"

"भन्ते! क्या होने से उपासक आत्महित में रत होता है, परहित में नहीं?"

"जब उपासक स्वयं श्रद्धा सम्पन्न होता है किंतु दूसरों को श्रद्धा सम्पन्न होने की प्रेरणा नहीं देता, स्वयं अर्थ-धर्म का ज्ञान प्राप्त कर धर्मानुसार जीवन व्यतीत करता है किंतु दूसरों को धर्मानुसार जीवन व्यतीत करने की कोई प्रेरणा नहीं देता तब वह आत्महित में रत होता है, परहित में नहीं।'

"भन्ते! क्या होने से उपासक आत्महित तथा परहित दोनों में रत होता है?"

"जब उपासक स्वयं श्रद्धा संपन्न होता है और दूसरों को भी श्रद्धा संपन्न बनने की प्रेरणा देता है, स्वयं शीलवान होता है और दूसरों को भी शीलवान बनने की प्रेरणा देता है, स्वयं त्यागी होता है और दूसरों को भी त्यागी बनने की प्रेरणा देता है, स्वयं भिक्षु दर्शन की कामना करता है और दूसरों को भी भिक्षु दर्शन की प्रेरणा देता है, स्वयं सद्धर्म श्रवण की कामना करता है और दूसरों को भी सद्धर्म श्रवण की प्रेरणा देता है, स्वयं धर्म धारण करता है और दूसरों को भी धर्म धारण करने की प्रेरणा देता है, स्वयं धर्म-मीमांसा करता है और दूसरों को भी धर्म-मीमांसा की प्रेरणा देता है, स्वयं अर्थ, धर्म का ज्ञान प्राप्त कर धर्मानुसार जीवन व्यतीत करता है और दूसरों को भी धर्मानुसार जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा देता है, तब वह आत्महित तथा परहित दोनों में रत होता है।"

चंक्रमण और जंताघर

वैशाली में भिक्षुओं के लिए अच्छे-अच्छे भोजों का प्रचलन था। भिक्षु इन भोजों में अच्छे-अच्छे भोजन करके अस्वस्थ रहने लगे। जीवक कौमारभृत्य किसी काम से वैशाली गया। उसने भिक्षुओं को बड़ी संख्या में अस्वस्थ देखा। वह भगवान के पास गया और उनका अभिवादन कर उनसे बोला कि आजकल वैशाली में भिक्षुओं को अच्छे-अच्छे भोज देने का क्रम चल रहा है जिससे भिक्षु बड़ी संख्या में अस्वस्थ होने लगे हैं। अच्छा हो यदि भगवान भिक्षुओं के लिए चंक्रमण (टहलने की जगह) तथा जंताघर (स्नानघर) की अनुमति दे दें। इससे भिक्षु बीमार नहीं पड़ेंगे। भगवान ने जीवक को धर्मदेशना द्वारा उत्साहित किया और उसके प्रस्थान करने पर भिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्हें चंक्रमण और जंताघर की अनुमति दे दी।

प्रव्रज्या की अयोग्यता

मगध राज्य में कुष्ठ, फोड़ा, चर्मरोग, मृगी और सूजन – इन पांचों बीमारियों का बहुत कोप था। इन बीमारियों से ग्रस्त लोग जीवक कौमारभृत्य के पास आते और उनसे चिकित्सा की प्रार्थना करते। जीवक अपनी अति व्यस्तता के कारण विवशता प्रकट करते हुए कहते कि मुझे

मगधनरेश विंबिसार, उनके अंतःपुर, भगवान बुद्ध और भिक्षु संघ की सेवा में रहने के कारण अवकाश निकालना संभव नहीं। तब वे रोगग्रस्त लोग यह सोचने लगे कि ये शाक्यपुत्रीय श्रमण भिक्षु बन कर सुख का जीवन व्यतीत करते हैं। ये अच्छा भोजन करके अच्छे निवासों में अच्छी शैय्या पर अच्छी प्रकार सोते हैं। क्यों न हम भी भिक्षु बन कर इसी प्रकार का जीवन व्यतीत करें। तब भिक्षु भी हमारी सेवा करेंगें और जीवक कौमारभृत्य भी चिकित्सा करेंगे।

भिक्षुओं ने उन्हें प्रव्रज्या दे दी। तब भिक्षु भी उनकी सेवा करते और जीवक भी उनकी चिकित्सा करते। परंतु रोगी भिक्षुओं की संख्या बढ़ने के कारण भिक्षु संघ की अपेक्षाएं भी बढ़ गयीं। वे रोगी के लिए पथ्य दीजिए, रोगी सेवक के लिए भोजन दीजिए, रोगी के लिए औषधि दीजिए आदि याचना करने लगे। जीवक भी भिक्षु संघ की सेवा में लगे रहने के कारण कभी-कभी राजा विंबिसार की सेवा में नहीं जा पाता।

पांच रोगों से पीड़ित एक व्यक्ति ने जीवक से अपने रोगों की चिकित्सा की प्रार्थना की। जीवक द्वारा व्यस्तता के कारण असमर्थता प्रकट करने पर उसने उसकी सारी सम्पत्ति का उसे स्वामी बनाने का वचन दिया। जीवक ने पुनः अपनी असमर्थता प्रकट की। उस रोगी व्यक्ति ने भिक्षु बन कर भिक्षु सेवा तथा जीवक सेवा उपलब्ध करने का निश्चय किया। भिक्षु संघ में जाकर उसने प्रव्रज्या मांगी और भिक्षुओं ने उसे प्रवज्या दे दी। तब भिक्षु तथा जीवक दोनों ने उसकी सेवा की। कुछ दिनों बाद वह रोग मुक्त हो गया। निरोग होने पर वह भिक्षु संघ छोड़ कर बाहर चला गया। जीवक ने उसे देखा और पूछा कि आर्य आप तो भिक्षु बन गए थे, फिर ऐसा क्यों किया। उस व्यक्ति ने सारी बात बता दी, यह बात सुन कर जीवक को बहुत दुःख, आश्चर्य और आक्रोश हुआ। उसके मन में यह प्रश्न उठा कि भिक्षु संघ ऐसे व्यक्ति को प्रव्रज्या क्यों देता है। वह भगवान के पास पहुँचा, उनकी वन्दना की और एक ओर बैठ कर भगवान से अनुरोध किया कि भिक्षु संघ कुष्ठ आदि पांच रोगों से पीड़ित व्यक्ति को प्रव्रज्या न दें। भगवान ने जीवक का अनुरोध स्वीकार कर लिया। जीवक ने भगवान की धर्मदेशना सुन संप्रहर्षित हो वहां से प्रस्थान किया। भगवान ने भिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पांच रोगों से पीड़ित व्यक्ति को प्रव्रज्या नहीं देनी चाहिए। जो ऐसा करेगा, वह दुक्कट (दुष्कृत) दोष का अपराधी होगा।

चूलपंथक और महापंथक

दो भाई, महापंथक और चूलपंथक, अपने नाना के घर पर रहते थे। चूलपंथक वहुत छोटा था। महापंथक अपने नाना के साथ शास्ता की धर्मदेशना सुनने जाया करता था। शास्ता के पास जाते-जाते उसमें धर्म संवेग जाग्रत हुआ और उसने प्रव्रज्या लेने का विचार वनाया। उसने अपने नाना से निवेदन किया कि मैं प्रव्रज्या लेना चाहता हूं। मुझे प्रव्रज्या के लिए अनुमति दें। नाना ने कहा तात, तुम्हारी प्रव्रज्या संसार की सारी प्रव्रज्याओं से श्रेष्ठ हो, मैं तुम्हें प्रव्रज्या की अनुमति देता हूं। नाना ने महापंथक को शास्ता के पास ले जाकर, उनका अभिवादन कर उन्हें वताया कि यह मेरा नाती है और आपके पास प्रव्रजित होना चाहता है। शास्ता ने भिक्षाटन व्रती एक भिक्षु को उसे प्रव्रज्या देने का आदेश दिया। उसने उसे त्वचपंचक कर्म स्थान (केस, लोम, नाखून, दांत तथा त्वचा के अनित्य, अशुभ के लक्षण के वारे में) वताकर प्रव्रज्या दी। महापंथक ने बुद्ध वचन सीखकर और उपसंपदा के योग्य वयस्क होकर उपसंपदा प्राप्त की। उसने मनोयोगपूर्वक कर्मस्थान का अभ्यास करते हुए यथासमय अर्हत्व प्राप्त किया। ध्यानसुख में रहते हुए उसके मन में विचार आया कि यदि मैं चूलपंथक को भी यह सुख दे सकूं तो कितना अच्छा हो। वह नानाश्रेष्ठि के पास पहुँच कर उनसे बोला कि मैं आपकी अनुमति पाकर चूलपंथक को प्रव्रजित करना चाहता हूं। नाना की बुद्ध शासन में वड़ी आस्था थी। उन्होंने तुरंत अनुमति दे दी। स्थविर ने चूलपंथक को प्रव्रजित करा कर उसे शील में प्रतिष्ठापित करवाया। चूलपंथक कुछ सीखने में वहुत ढीला था। चूलपंथक चार महीने में यह गाथा भी नहीं सीख सका –

पदुमं यथा कोकनदं सुगन्धं, पातो सिया फुल्लमवीतगन्धं।
अङ्गीरसं पस्स विरोचमानं, तपन्तमादिच्चमिवन्तलिक्खे'ति॥

(संयुत्त निकाय १.१.१२३; अङ्गुत्तर निकाय २.५.१९५)

कश्यप सम्यक संवुद्ध के समय प्रव्रजित हो एक भिक्षु ने प्राज्ञ होकर एक दूसरे ढीले भिक्षु का सीखते समय उपहास किया था। इस उपहास से कुंठित होकर वह भिक्षु कुछ सीखने में सफल नहीं हो सका। इस अपराध के फलस्वरूप ही पहला भिक्षु चूलपंथक के रूप में जन्म लेकर कुछ सीखने में ढीला होने के कारण उपहास का पात्र वन रहा है। तव महापंथक ने यह कह कर कि चूलपंथक वुद्ध शासन के योग्य नहीं है, चार महीने में एक गाथा भी

नहीं सीख सका, प्रव्रज्या के लक्ष्य पर कैसे पहुँच सकेगा, उसे विहार से बाहर कर दिया। चूलपंथक की बुद्ध शासन में श्रद्धा थी, उसे गृहस्थ जीवन में रुचि नहीं थी।

महापंथक उस समय भोजन निर्देशक थे। जीवक कौमारभृत्य ने अपने आम्रवन में जाकर माला सुगन्ध के द्वारा शास्ता की पूजा अभ्यर्थना की और धर्मदेशना सुनने के पश्चात महापंथक के पास पहुँच कर उनसे पूछा कि भन्ते, भगवान के साथ कितने भिक्षु हैं? उत्तर में पांच सौ भिक्षु सुन कर उसने बुद्धप्रमुख पांच सौ भिक्षुओं को दूसरे दिन अपने घर भिक्षा के लिए आमंत्रित किया। महापंथक ने उससे कहा कि चूलपंथक बहुत ढीला है और बुद्ध शासन में उसकी कोई प्रगति नहीं हुई है। उसे छोड़ कर शेष सभी भिक्षुओं का आमंत्रण मैं स्वीकार करता हूं।

यह सुन कर चूलपंथक ने सोचा कि थेर ने मुझे बाहर निकालकर इतने भिक्षुओं के लिए निमंत्रण स्वीकार किया है। निश्चय ही मेरे प्रति मेरे भाई का चित्त बदल गया है। अब इस शासन से मेरा क्या संबंध? गृहस्थ होकर दान आदि पुण्य कर्म करते जीवन व्यतीत करूंगा। दूसरे दिन सबेरे ही वह भिक्षु-जीवन त्याग करने के लिए बाहर निकला। शास्ता, यह जानकर कि चूलपंथक बाहर जा रहा है, प्रत्यूषकाल में लोकवीक्षण करते हुए उसके मार्ग के दरवाजे के ऊपर वाले कमरे में चंक्रमण करते रहे।

चूलपंथक शास्ता को देखकर उनके निकट गया, उनकी वन्दना की और उनके सम्मुख खड़ा हो गया। शास्ता ने उससे पूछा, चूलपंथक, तू इस समय कहां जा रहा है। चूलपंथक ने उत्तर दिया कि मेरे भाई ने मुझे बाहर निकाल दिया है इसलिए मैं भिक्षु-जीवन त्याग करने बाहर जा रहा हूं। शास्ता ने उसे आश्वासन देते हुए कहा, चूलपंथक तेरी प्रव्रज्या तो मेरे पास थी। अपने भाई द्वारा बाहर निकाले जाने पर तू मेरे पास क्यों नहीं आया? आ, मेरे साथ चल, तेरा गार्हस्थ्य से क्या संबंध? शास्ता ने अपने चक्रांकित हस्ततल को उसके सिर पर रखकर उसका करुणार्द्र स्पर्श किया। उसे अपने साथ ले जाकर गन्धकुटी के सामने बिठा दिया और उसे एक स्वच्छ-परिशुद्ध वस्त्र देकर उससे कहा कि 'रजोहरण-रजोहरण' बोलते हुए इस वस्त्र को यहीं बैठ कर मसलता रह। शास्ता भिक्षुसंघ से परिवृत्त हो जीवक के घर जाकर एक सज्जित आसन पर बैठे।

चूलपंथक द्वारा 'रजोहरण-रजोहरण' बोलकर वस्त्र को मसलते रहने के कारण वह वस्त्र मैला हो गया। उस मैले वस्त्र को देखकर चूलपंथक ने यह

समझा कि यह वस्त्र अत्यन्त स्वच्छ परिशुद्ध था परंतु आत्मभाव के कारण कितना मैला हो गया है! ओह! संस्कार कितना अनित्य है! चूलपंथक उदय-व्यय की विपश्यना करता रहा। शास्ता को समझते देर नहीं लगी कि चूलपंथक का चित्त विपश्यना में लीन है। उन्होंने चूलपंथक का मार्गदर्शन करते हुए उसे समझाया, चूलपंथक, वस्त्र के मैल को देखना पर्याप्त नहीं, तेरे अंदर राग का जो मैल है, उसे देख और उसे दूर कर। उन्होंने प्रकाश प्रज्वलित कर सामने बैठे हुए ये गाथाएं कहीं –

रागो रजो न च पन रेणु वुच्चति,
रागस्सेतं अधिवचनं रजोति।
एतं रजं विप्पजहित्वा पण्डिता,
विहरन्ति ते विगतरजस्स सासने॥१॥

दोसो रजो न च पन रेणु वुच्चति,
दोसस्सेतं अधिवचनं रजोति।
एतं रजं विप्पजहित्वा पण्डिता,
विहरन्ति ते विगतरजस्स सासने॥२॥

मोहो रजो न च पन रेणु वुच्चति,
मोहस्सेतं अधिवचनं रजोति।
एतं रजं विप्पजहित्वा पण्डिता,
विहरन्ति ते विगतरजस्स सासने" ति॥३॥

(महानिद्देस २०९)

– राग को धूल और रेणु नहीं कहा जाता है। तो भी राग मैल कहलाता है। वीतराग के शासन में इस मैल को त्यागकर भिक्षु मैलमुक्त रहता है। द्वेष को धूल और रेणु नहीं कहा जाता है। फिर भी द्वेष मैल है। वीतराग के शासन में इस मैल को त्याग भिक्षु मैलमुक्त रहता है। मोह को धूल और रेणु नहीं कहा जाता है। फिर भी मोह मैल है। वीतराग के शासन में इस मैल को त्यागकर भिक्षु मैलमुक्त रहता है।

गाथा के अंत में चूलपंथक ने मीमांसापूर्ण ज्ञान के साथ अर्हत्व प्राप्त किया। समवेत रूप से उसने तीन पिटकों का भी ज्ञान प्राप्त किया।

चूलपंथक द्वारा पूर्वकाल में राजा होकर नगर की परिक्रमा करते हुए अपने मस्तक के स्वेदबिंदुओं को परिशुद्ध वस्त्र से पोंछने के कारण वस्त्र मैला हो गया था। उसने उस समय उस मैले वस्त्र को देखकर यह सोचते हुए

कि शरीर पोंछने के कारण यह परिशुद्ध वस्त्र अपनी शुद्धता का संस्कार छोड़ मैला हो गया, संस्कार कितना अनित्य है, अनित्य बोध प्राप्त किया था। इस प्रकार 'मैल पोंछना' उसके लिए हेतु सिद्ध हुआ।

जीवक कौमारभृत्य अपने आम्रवन में भगवान के पास दक्षिणोदक लाया। शास्ता ने जीवक को देखकर पूछा कि क्या विहार में कोई भिक्षु है। महापंथक ने उत्तर दिया कि भन्ते विहार में कोई भिक्षु नहीं है। शास्ता ने जीवक को आदेश दिया। जीवक ने एक व्यक्ति को यह कह कर भेजा कि जा देखकर आ कि विहार में कोई भिक्षु है या नहीं।

यह सुन कर चूलपंथक के मन में आया कि मेरा भाई विहार में मेरे रहते हुए भी, मैं नहीं हूं, बोल रहा है। मैं विहार में अपनी उपस्थिति का भाव प्रकट करूंगा। उसने सारे आम्रवन को भिक्षुओं से भर दिया। चूलपंथक ने अपने ऋद्धिबल से समान रूप के एक हजार भिक्षुओं को बना दिया। उस व्यक्ति ने आम्रवन में इतने सारे भिक्षुओं को देखा और वापस जाकर जीवक को बताया कि आर्य सारा आम्रवन भिक्षुओं से भरा है। शास्ता ने उस व्यक्ति को कहा कि विहार जाकर चूलपंथक को बोलो कि तुम्हें शास्ता बुला रहे हैं। वहां जाकर उसके ऐसा कहने पर सहस्र मुखों से यह निकला कि मैं हूं चूलपंथक। उसने शास्ता को बताया कि वहां तो सभी चूलपंथक हैं। शास्ता ने उसे यह कह कर फिर वापस भेजा कि जो सबसे पहले बोले कि मैं हूं चूलपंथक, उसका हाथ पकड़ो और शेष सभी चूलपंथक अदृश्य हो जाएंगे। उसने वही किया। सभी एक सहस्र चूलपंथक अदृश्य हो गए। स्थविर चूलपंथक उस व्यक्ति के साथ शास्ता के पास आए। शास्ता ने भोजनोपरान्त जीवक को बुलाकर कहा– जीवक, तुम चूलपंथक का भिक्षापात्र लो, वह तुम्हारा पुण्यानुमोदन करेगा। जीवक ने ऐसा ही किया। चूलपंथक स्थविर ने तरुण सिंह की भांति सिंहनाद करते हुए तीन पिटक के पाठ द्वारा उसका पुण्यानुमोदन किया।

सायंकाल सारे भिक्षु एकत्र होकर शास्ता की गुणकथा कहने लगे। महापंथक ने जिस चूलपंथक को मंदबुद्धि कह कर विहार से बाहर कर दिया था, उसे सम्यक सम्बुद्ध ने एक ही भोजन वेलांतर्गत मीमांसापूर्ण ज्ञान सहित अर्हत्व प्रदान किया, तीन पिटकों का संपूर्णज्ञान भी दिया। ओह, बुद्धों की शक्ति अप्रतिम है! शास्ता ने भिक्षुओं की धर्मसभा को बताया कि चूलपंथक अभी नहीं, पहले भी मन्दबुद्धि था और मैं न केवल अभी उसका आश्रय हूं, पहले भी उसका आश्रय था। पहले मैंने उसे लौकिक कुटुम्ब का स्वामी

बनाया था, अब उसे लोकोत्तर कुटुम्ब का स्वामी बना दिया है, उन्होंने चूलपंथक की अतीत कथा को सुना कर यह गाथा कही –

अप्पकेनापि मेधावी, पाभतेन विचक्खणो।
समुट्ठापेति अत्तानं, अणुं अग्गिव सन्धम'न्ति॥

(धम्मपद अट्ठकथा १.२५)

– विलक्षण बुद्धिवाला अणु अग्नि के महाअग्नि बनने के समान अपने को अल्पता से महानता में प्रतिष्ठापित करता है।

तथागत के चोट की मरहम-पट्टी (व्रण-बंधन)

एक बार देवदत्त ने अजातशत्रु से मिलकर शास्ता की हत्या का षडयंत्र रचा। उसने राजगृह में गध्रकूट पर्वत पर चढ़ कर शास्ता के ऊपर एक बड़ी शिला लुढ़का दी। वह लुढ़कती शिला दो शिखरों के बीच फंस गयी। शिखरों के बीच टकराने के कारण उस शिला से छिटका हुआ एक टुकड़ा शास्ता के पैर में जा लगा। रक्तस्राव होने लगा। पीड़ा भी होने लगी। इस चोट की अवस्था में शास्ता ने जीवक कौमारभृत्य के आम्रवन की ओर जाना चाहा। उन्होंने भिक्षुओं को निर्देश दिया कि मुझे वहां ले चलो। भिक्षु भगवान को जीवक के आम्रवन में ले गये।

जीवक ने शास्ता के व्रण को देखकर उसके उपचार हेतु एक तीक्ष्ण दवा के साथ व्रण को बांध दिया और शास्ता से निवेदन किया – भन्ते, मैंने नगर में एक व्यक्ति को दवा दी है। मैं अभी उसके पास जाकर वापस आऊंगा। मेरे वापस आने तक यह दवा बँधी रहने दीजिए। वह नगर जाकर उस व्यक्ति का काम करके समय पर वापस नहीं आ सका और आम्रवन का द्वार बंद हो गया। उसके मन में आया कि मैंने बड़ी गल्ती कर दी। मैंने औरों की तरह शास्ता के व्रण को भी तीक्ष्ण दवा की पट्टी बांध दी। यह पट्टी के खोलने का समय है। यदि पट्टी नहीं खुली तो भगवान के शरीर में तीक्ष्ण दवा के प्रभाव से रात भर जलन होता रहेगा। उसी क्षण शास्ता ने आनन्द स्थविर को बुलाकर उसे निर्देश दिया कि जीवक द्वार बन्द होने से पहले वापस नहीं आ सका। उसके मन में आ रहा है कि यह व्रण-बंधन के खोलने का समय है। तुम उसे खोल दो। आनन्द ने खोल दिया। व्रण पेड़ की खाल की तरह जल गया। अरुणोदय से पहले ही जीवक ने क्षिप्रता से शास्ता के पास आकर पूछा कि भगवान क्या व्रण बंधन के कारण शरीर में जलन हुआ था। शास्ता ने उत्तर दिया – जीवक, तथागत की सारी दग्धता बोधिप्राप्ति में

ही शान्त हो गयी थी। उन्होंने धर्मदेशना करते हुए यह गाथा कही –

गतद्धिनो विसोकस्स, विप्पमुत्तस्स सब्बधि।
सब्बगन्थप्पहीनस्स, परिळाहो न विज्जति॥

(धम्मपद ९०)

जिसकी सारी गतियां समाप्त हैं, जो शोक मुक्त, विमुक्त तथा बन्धनमुक्त है उसकी सारी दग्धता शांत हो जाती है।

अजातशत्रु को भगवान के पास ले जाना

एक समय भगवान राजगृह में जीवक कौमारभृत्य के आम्रवन में साढ़े बारह सौ भिक्षुओं के भिक्षु महासंघ के साथ विहार कर रहे थे। उस दिन उपोसथ की रात में चातुर्मास की आश्विन पूर्णिमा की कौमुदी चतुर्दिश फैल रही थी। मगधनरेश अजातशत्रु अमात्यों से घिरा अपने प्रासाद के ऊपरी तल पर बैठा हुआ था। चांदनी रात से उल्लसित होकर उसने यह उदान कहा – 'अहो कैसी रमणीय चांदनी रात है? कैसी अभिरूप चांदनी रात है! कैसी दर्शनीय चांदनी रात है! कैसी प्रासादिक चांदनी रात है! किस श्रमण या ब्राह्मण की उपासना करें जिससे हमारा चित्त प्रसन्न हो?' ऐसे मनोरम वातावरण में भी पितृहत्या के दोष के कारण उसका चित्त प्रसन्न नहीं था।

राज्य मंत्रियों ने एक-एक कर अपने-अपने आचार्य – पूर्ण काश्यप, मक्खली गोसाल, अजित केसकंबल, पकुधकच्चायन, संजय वेलट्ठिपुत्त, निगंठनाथपुत्त – का नाम लिया। मगधराज वैदेहिपुत्र अजातशत्रु मौन रहा। अपने मंत्रियों द्वारा वह इन आचार्यों की प्रशंसा सुन कर प्रभावित नहीं हुआ, क्योंकि वह इन छहों आचार्यों से मिल चुका था और इनमें से किसी की ओर आकर्षित नहीं हुआ था। वस्तुतः वह भगवान बुद्ध के उपदेश सुनने को जाना चाहता था। परंतु भगवान की हत्या करने के षड़यंत्र रचने वाले देवदत्त का साथ देने की अपराध ग्रंथि के कारण वह अपनी आंतरिक भावना व्यक्त नहीं कर पा रहा था। वह जानता था कि राजवैद्य जीवक भगवान का उपचारक ही नहीं, श्रद्धालु शिष्य भी है। अतः चाहता था कि भगवान के सान्निध्य का लाभ लेने का प्रस्ताव जीवक की ओर से आये। परंतु जीवक पास में चुपचाप बैठा था। अजातशत्रु जीवक से बोला, "सौम्य जीवक! तुम मौन क्यों हो?"

यहां एक बात ध्यान देने योग्य है कि मंत्रियों ने अपने-अपने आचार्य का परिचय देते हुए कहा – "वे 'सङ्घी' हैं। यानी वृहद शिष्यसंघ के आचार्य

हैं। 'गणी च गणाचरियो' हैं यानी समाज के एक बड़े समूह के अग्रणी हैं, उनके आचार्य हैं। 'ञातो' हैं, 'यसस्सी' हैं यानी समाज में प्रसिद्ध हैं और यशस्वी हैं। 'तीर्थंकर' हैं, 'साधु सम्मतो बहुजनस्स' – समाज के बहुत बड़े समुदाय द्वारा सम्मानित हैं। 'रत्तञ्ञू चिरपव्वजितो' दीर्घकाल से प्रव्रजित और अनुभवी वयोवृद्ध हैं।" उन्होंने अपने-अपने तीर्थ यानी सम्प्रदाय स्थापित किए थे। इसलिए तीर्थंकर के विरुद से प्रसिद्ध थे। परंतु भगवान बुद्ध ने कोई तीर्थ स्थापित नहीं किया था। उनके सभी शिष्य यह जानते थे। अतः उनका प्रशस्ति परिचय इन्हीं शब्दों में दिया जाता था – *"इतिपि सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरणसम्पन्नो सुगतो लोकविदू अनुत्तरो पुरिसदम्मसारथि सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवाति।"* जीवक ने यही परिचय देते हुए उत्तर दिया, "देव! भगवान अरहत सम्यक सम्बुद्ध हमारे आम्रवन में साढ़े बारह सौ भिक्षुओं के भिक्षु महासंघ के साथ विहार कर रहे हैं। उनका ऐसा मंगल यश है। 'भगवान अरहत सम्यक संबुद्ध हैं। विद्या और आचरण से युक्त, सुगत, लोकविद, पथभ्रष्ट मनुष्यों को सन्मार्ग पर लाने वाले अनुपम सारथी हैं तथा देव मनुष्यों के शास्ता हैं।' उनकी धर्मदेशना सुन कदाचित आपका चित्त प्रसन्न हो जाय।" अजातशत्रु यही सुनना चाहता था। अतः उसने तुरंत आदेश दिया, "सौम्य जीवक! मेरा हस्ति दल सज्जित कराओ।"

मगधनरेश ने पांच सौ हाथियों पर रानियों को आरूढ़ कर, स्वयं श्रेष्ठ राजहाथी पर आरूढ़ हो दण्डदीप के प्रकाश में बड़े राजकीय वैभव के साथ राजगृह से जीवक के आम्रवन के लिए प्रस्थान किया। आम्रवन के निकट की स्तब्धता से भयभीत होकर उसे रोमांच हो आया। वह नहीं समझता था कि यह सहस्राधिक साधकों की 'सामूहिक साधना' है और 'मौन' साधकों का आभूषण है। अतः भय से उद्विग्न तथा रोमांचित हो उसने जीवक से पूछा "सौम्य जीवक, तुम कहीं मुझसे वंचना तो नहीं कर रहे हो? कहीं मुझे धोखा तो नहीं दे रहे हो? कहीं मुझसे विश्वासघात तो नहीं कर रहे हो और कहीं मुझे मेरे शत्रुओं के हाथ में तो नहीं दे रहे हो? साढ़े बारह सौ भिक्षुओं के महासंघ का न खांसने का शब्द, न थूकने का शब्द और न कोई अन्य शब्द!" जीवक ने उत्तर दिया, "महाराज, आप डरें मत, मैं आपसे वंचना नहीं कर रहा हूं, न आपको शत्रुओं के हाथ में दे रहा हूं। महाराज आगे चलें। यह रहा मंडप और उसमें जलते दीपकों का प्रकाश।"

अजातशत्रु आश्वस्त हो जहां तक हाथी का मार्ग था, हाथी पर चढ़ कर, फिर हाथी से उतर पैदल चलकर मंडप-द्वार पर पहुँचा और जीवक से कहा, "सौम्य जीवक, भगवान कहां हैं?" जीवक ने उत्तर दिया, "महाराज, भगवान यह रहे, भिक्षु संघ के सम्मुख मध्य-स्तंभ के सहारे पूर्वाभिमुख बैठे हुए।" अजातशत्रु भगवान के पास गया, एक पार्श्व में खड़ा हो गया। उसने निर्मल जलाशय की भांति शांत, निस्तब्ध भिक्षुसंघ को देखकर उत्साहित हो यह उदान कहा, "मेरा कुमार उदयभद्र इस शांति से युक्त हो, जिस शांति से युक्त यह भिक्षु संघ है। भन्ते, मेरा कुमार उदयभद्र मुझे बहुत प्रिय है, मेरा कुमार उदयभद्र भी इस शांति से युक्त हो जिस शांति से युक्त यह भिक्षु संघ है।" वस्तुतः उसे यह भय था कि जैसे उसने अपने पिता महाराज विंबिसार की हत्या कर दी थी, वैसे ही उसका पुत्र भी किसी अशांत और उद्विग्न अवस्था में मेरी हत्या न कर दे। अजातशत्रु भगवान का अभिवादन कर और भिक्षुसंघ के प्रति अंजलि करबद्ध हो एक ओर बैठ गया। उसने भगवान से अनुरोध किया कि यदि भगवान मुझे प्रश्नोत्तर की आज्ञा दें तो मैं भगवान से कुछ पूछूं। भगवान ने कहा, "पूछो।" इस प्रश्नोत्तर में भगवान ने श्रामण्य-फल को विवरण सहित समझाया।

इसे सुन कर उसने प्रसन्न चित्त से अंजलिबद्ध तीन रतनों की शरण ग्रहण की और जीवनपर्यंत भगवान का श्रद्धालु उपासक बना।

जीवक के छह गुण

भगवान ने एक प्रसंग में कहा कि जीवक में छह गुण हैं–

१. वह बुद्ध के प्रति अविकल श्रद्धा से युक्त है, २. वह धर्म के प्रति अविकल श्रद्धा से युक्त है, ३. वह संघ के प्रति अविकल श्रद्धा से युक्त है, ४. वह आर्यशील से युक्त है, ५. वह आर्य ज्ञान से युक्त है तथा ६. वह आर्य विमुक्ति से युक्त है।

इन गुणों के होने से वह तथागत के प्रति निष्ठावान, अमृतदर्शी है तथा अमृत का साक्षात्कार कर विहार करता है। आर्य वही है जिसने नामरूपातीत इंद्रियातीत अविनाशी अमृत का साक्षात्कार कर स्रोतापन्न हो गया है। ऐसा व्यक्ति जब चाहे तब उस ध्रुव अवस्था का साक्षात्कार कर सकता है।

अग्रपाल स्रोतापन्न

भगवान ने अनेकों में से अपने कुछ भिक्षु-भिक्षुणियों को किसी-किसी गुणविशेष में अग्र की उपाधि दी। इसी प्रकार अनेक स्रोतापन्न हुए गृहस्थों में से कुछ को किसी-किसी गुण में अग्र की उपाधि दी। जीवक को अनेक लोगों के बीच सदा प्रसन्न रहने वाले गुण में अग्र होने की उपाधि दी। जीवक एक कुशल वैद्य था। कुशल वैद्य को अनेक चिड़चिड़ाहट भरे व्याकुल रोगियों का उपचार सदा सौमन्यसता भरे प्रसन्नचित्त से करना चाहिए। जीवक की यह विशेषता थी कि वह केवल रोगियों से ही नहीं, किसी भी व्यक्ति से व्यवहार करते हुए अपने चित्त को प्रसन्न और विमल रखता था। स्रोतापन्न हो जाने पर उसका यह सहज स्वभाव और पुष्ट हो गया। इसके पीछे एक और भी कारण था –

अग्र की उपाधि प्राप्त करने का आशीर्वचन

एक लाख कल्प पूर्व की घटना है। उस समय के सम्यक संबुद्ध भगवान पदुमुत्तर हंसवती नगर में विहार कर रहे थे। उन्हीं दिनों अपने पूर्वजन्म में जीवक वहीं रहता था। एक दिन भगवान पदुमुत्तर का धर्म-प्रवचन सुनने के लिए वहां उपस्थित था। प्रवचन के पश्चात उसने देखा कि भगवान ने एक गृहस्थ उपासक को लोगों के बीच सदा प्रसन्न रहने वाले व्यक्तियों में अग्र स्थान पर प्रतिस्थापित किया। यह देख कर उसे अत्यंत प्रसन्नता हुई और उसके मन में धर्मसंवेग के साथ यह कुशल धर्मकामना जागी कि कभी मैं भी लोगों के बीच सदा प्रसन्न रहने वाले व्यक्ति का अग्र स्थान प्राप्त कर सकूं। उसने अपनी यह धर्मकामना भगवान को बतायी। भगवान ने उसे योग्य पात्र देख कर उसका भविष्य देखा और उसे आशीर्वाद देते हुए यह भविष्यवाणी की कि एक लाख कल्पों के बाद जब शाक्य कुल में जन्मे सिद्धार्थ गौतम सम्यक सम्बुद्ध बनेंगे तब उनके उपासक होने पर तुम्हारी यह धर्मकामना पूरी होगी और तुम्हें यह अग्र स्थान प्राप्त होगा।

तत्पश्चात एक लाख कल्पों तक मनुष्य और देवलोकों में संसरण की अवधि सुखपूर्वक पूरी कर लेने के पश्चात जीवक के लिए भगवान सम्यक सम्बुद्ध पदुमुत्तर की आशीर्वादमयी भविष्यवाणी वर्तमान जन्म में सफलीभूत हुई। जीवक भगवान गौतम बुद्ध का उद्भव होने पर उनके द्वारा प्रतिस्थापित किए गए अग्रपालों में से एक हुआ।

विपश्यना साहित्य

हिंदी

- निर्मल धारा धर्म की - (पांच दिवसीय प्रवचन) रु. ५५/-
- प्रवचन सारांश (शिविर-प्रवचन) रु. ४५/-
- जागे पावन प्रेरणा रु. ८०/-
- जागें अंतर्बोध रु. ८५/-
- धर्मः आदर्श जीवन का आधार रु. ४५/-
- तिपिटक में सम्यक संबुद्ध, भाग-२ रु. १३०/
- धारण करें तो धर्म रु. ८०/-
- क्या बुद्ध दुक्खवादी थे? रु. ४५/-
- मंगल जगे गृही जीवन में रु. ४०/-
- धम्मवाणी संग्रह (पालि गाथाएं एवं हिंदी अनु.) रु. ४०/-
- विपश्यना पगोडा स्मारिका रु. १००/-
- सुत्तसार भाग १ (दीघ एवं मज्झिम निकाय) रु. ९५/-
- सुत्तसार भाग २ (संयुत्तनिकाय) रु. ५०/-
- सुत्तसार भाग ३ (अंगुत्तर एवं खुद्दकनिकाय) रु. ४५/-
- धन्य दादा! रु. ३५/-
- कल्याणमित्र सत्यनारायण गोयन्का (व्यक्तित्व और कृतित्व) रु. ५०/-
- पातंजल योगसूत्र रु. ६०/-
- आहुनेय्य, पाहुनेय्य, अंजलिकरणीय - डॉ. ओम प्रकाश जी रु. ३०/-
- राजधर्म [कुछ ऐतिहासिक प्रसंग] रु. ३५/-
- आत्म-कथन भाग-१ रु. ५०/-
- लोक गुरु बुद्ध रु. १०/-
- देश की वाह्य सुरक्षा रु. ०५/-
- गणराज्य की सुरक्षा कैसे हो! रु. ०६/-
- शाक्यों और कोलियों के गणतंत्र का विनाश क्यों हुआ? रु. १०/-
- अंगुत्तर निकाय, भाग-१ रु. १२५/-
- केंद्रीय कारागृह जयपुर, विपश्यना का प्रथम जेल शिविर रु. ५०/-
- विपश्यना : लोकमत भाग-१ रु. ५५/-
- विपश्यना : लोकमत भाग-२ रु. ७०/-
- अग्रपाल राजवैद्य जीवक रु. २०/-
- मंगल हुआ प्रभात (हिंदी दोहे) रु. ५५/-
- पथ-प्रदर्शिका रु. २/-
- विपश्यना क्यों? रु. १/-
- सम्राट अशोक के अभिलेख रु. ७०/-
- आचार्य श्री सत्यनारायणजी गोयन्का का संक्षिप्त जीवन-परिचय रु. ३०/-
- अहिंसा किसे कहें? रु. १५/-
- लकुण्डक भद्दिय रु. १०/-
- गौतम बुद्धः जीवन-परिचय और शिक्षा रु. २५/-
- भगवान बुद्ध की साम्प्रदायिकता-विहीन शिक्षा रु. १०/-
- बुद्ध-जीवन-चित्रावली रु. ३३०/-
- भगवान बुद्ध के अग्रश्रावक महामोग्गल्लान रु. ४५/-
- क्या बुद्ध नास्तिक थे? रु. ८५/-
- तिपिटक में सम्यक संबुद्ध, (६ भागों में) भाग-१ रु. ६५/-, भाग-२ रु. ५०/-, भाग-३ रु. ५५/-, भाग-४ रु. ४५/-, भाग-५ रु. ४५/-, भाग-६ रु. ५५/-
- महामानव बुद्ध की महान विद्या विपश्यना का उद्गम और विकास (११६ चित्रों का संग्रह) सजिल्द रु. ६२५/-
- भगवान बुद्ध के महाश्रावक महाकस्सप (धुतांगधारियों में 'अग्र') रु. ४०/-
- महामानव बुद्ध की महान विद्या विपश्यना का उद्गम और विकास रु. १४५/-
- भगवान बुद्ध के अग्रउपासक अनाथपिण्डिक रु. ५०/-
- भगवान बुद्ध की अग्रश्राविका किसागोतमी रु. ३०/-
- चित्त गृहपति एवं हत्थक आळवक रु. ३०/-
- खुशियों की राह रु. १५०/-
- विसाखा मिगारमाता रु. ४५/-
- मगधराज सेनिय बिम्बिसार रु. ४५/-
- बुद्धसहस्सनामावली (पालि एवं हिंदी) रु. ३५/-
- आनन्द - भगवान बुद्ध के उपस्थाक रु. १३०/-
- जीने की कला रु. ७०/-
- परम तपस्वी श्री रामसिंह जी रु. ५५/-
- भगवान बुद्ध की अग्रउपासिकाएं खुज्जुत्तरा एवं सामावती तथा उत्तरानन्दमाता रु. २५/-
- विपश्यना पत्रिका संग्रह भाग - १ रु. ८०/-
- विपश्यना पत्रिका संग्रह भाग - २ रु. ७५/-
- आदर्श दंपति नकुलपिता एवं नकुलमाता रु. २५/-
